# मतगणना के लिए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध, 11 राउंड में पूरी होगी वोटों की गिनती

**बीकानेर, (कासं)।** विधानसभा चुनाव के लिए मतगणना 3 दिसम्बर को होगी। मतगणना के लिए सभी मतगणना केन्द्रों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर ली गई है। 3 दिसम्बर को सुबह 8 बजे से सभी केन्द्रों पर पोस्टल बैलेट और साढ़े आठ बजे से ईवीएम के माध्यम से मतगणना शुरू हो जायेगी।

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि मतगणना स्थल के लिए त्रिस्तरीय सुरक्षा व्यवस्था की गई है। किसी भी गणना एजेंट को समुचित पहचान पत्र के बिना प्रथम कोर्डन में प्रवेश नहीं दिया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर पब्लिक एड्रेस सिस्टम भी लगाया जायेगा। साथ ही मेडिकल टीम भी एम्बुलेंस के साथ उपलब्ध रहेगी। फायर ब्रिगेड की भी व्यवस्था की गई है।




बीकानेर में मतगणना स्थल पॉलिटेक्निक कॉलेज में ई.वी.एम. की सुरक्षा में तैनात सी.आर.पी.एफ. के जवान।

- **मतगणना दिवस को सुबह 7 बजे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी या उनके नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष पर्यवेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम संग्रहण कक्ष खोले जायेंगे, जिनकी समुचित वीडियोग्राफी होगी**

जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मतगणना के लिए निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार समस्त व्यवस्थाएं की गई है। राजकीय पॉलिटेक्निक महाविद्यालय के भूतल पर बीकानेर पश्चिम, बीकानेर पूर्व विधानसभा के लिए तथा कोलायत, लूणकरनसर, डूंगरगढ़, खाजूवाला तथा नोखा विधानसभा क्षेत्र की मतगणना महाविद्यालय के प्रथम तल पर संपादित करवाई जायेगी। मतगणना के लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र हेतु दो-दो मतगणना हॉल बनाए गए हैं, जिनमें रिटर्निंग अधिकारी तथा सहायक रिटर्निंग अधिकारी की उपस्थिति में मतगणना करवाई जायेगी। ईटीपीबीएस तथा पोस्टल बैलट की गणना रिटर्निंग अधिकारी के कक्ष में की जायेगी। इसके लिए तीन टेबल लगाई गई है। जबकि ईवीएम मतगणना के लिए 11 -11 टेबल लगाई गई है।

भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि डाक मत पत्र प्रकोष्ठ के प्रभारी अधिकारी द्वारा 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे तक समस्त डाक मत पत्रों को विधानसभा वार अलग-अलग कर रिटर्निंग अधिकारियों को भिजवा दिये जाने के निर्देश जारी किए गए हैं। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना स्थल पर एक मीडिया सेंटर भी स्थापित किया गया है। जिसमें मीडिया प्रतिनिधियों को डाटा कम्युनिकेशन नेटवर्क इत्यादि की सुविधा दी जायेगी। यह कक्ष भूतल पर रहेगा। मतगणना हॉल में किसी भी प्रकार का स्टैटिक कैमरा, स्टिल और वीडियो अनुमत नहीं होगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना दिवस को प्रातः 7 बजे रिटर्निंग अधिकारी द्वारा अभ्यर्थी या उनके नियुक्त प्रतिनिधि के समक्ष पर्यवेक्षक की उपस्थिति में ईवीएम संग्रहण कक्ष खोले जायेंगे, जिनकी समुचित वीडियोग्राफी होगी।

मतगणना स्थल पर सुरक्षा के प्रथम घेरे के अंदर मोबाइल फोन, सेलुलर फोन, कॉर्डलेस फोन, वायरलेस सैट इत्यादि अनुमत नहीं होंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि मतगणना में पारदर्शिता के मापदंडों को अपनाते हुए गणना पर्यवेक्षक व गणना सहायक को वास्तविक गणना हेतु टेबलों का आवंटन रेंडम आधार पर करते हुए गणना के दिन ड्यूटी पर रिपोर्ट करते समय बताया जायेगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतगणना हॉल में उपस्थित रहने वाले कार्मिकों उम्मीदवारों या निर्वाचन एजेंट के फोटो परिचय पत्र बनाये जायेंगे। मतगणना हॉल में इन्हें पहनना अनिवार्य होगा।

**हनुमानगढ़।** विधानसभा आम चुनाव 2023 के मतों की गणना का कार्य 3 दिसम्बर को प्रातः 8 बजे से जिला मुख्यालय पर स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज, बाईपास रोड, हनुमानगढ़ जंक्शन में शुरू किया जायेगा। मीडिया सेन्टर स्थापित करने हेतु राजकीय पॉलटेक्निक कॉलेज हनुमानगढ में कमरा न. 26 आरक्षित किया गया है। मीडिया कर्मियों को मतगणना हॉल में मोबाइल फोन ले जाने की अनुमति नहीं होगी। मोबाइल फोन और अन्य संचार उपकरणों को उपयोग केवल मीडिया सेंटर में ही किया जायेगा। मतगणना के रूझान एवं परिणाम को जनता तक प्रसारित करने हेतु मीडिया सेंटर में लाउडस्पीकर की समूचित व्यवस्था रहेगी।

## परीक्षा आवेदन की तिथि बढ़ाई

**बीकानेर, (कासं)।** डी.एल.एड. प्रथम एवं द्वितीय वर्ष परीक्षा 2023 के ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अन्तिम बढ़ाई गई है। अब अभ्यर्थी 14 दिसम्बर कर आवेदन भर सकेंगे।

पूर्व में अंतिम तिथि 30 नवम्बर निर्धारित की गई थी। लेकिन अब अभ्यर्थियों के हितों को देखते हुए तिथि बढ़ाने का निर्णय किया गया है। शिक्षा विभागीय पंजीयक कुलदीप बुढ़ानिया ने बताया कि परीक्षार्थी संबंधित संस्थान में 19 दिसम्बर तक शुल्क जमा करवा सकेंगे। इसके बाद संबंधित संस्थान परीक्षार्थियों के शुल्क का डी.डी. संबंधित डाइट में 22 दिसम्बर तक जमा करवा सकेंगे। जबकि डाइट की ओर से फीस जमा करवाने की तिथि 27 दिसम्बर निर्धारित की गई है।

महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय बीकानेर की ओर से 24 विषयों में 515 सीटों पर प्रवेश के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा 8 फरवरी को दोपहर 12 से 2 बजे तक आयोजित होगी। परीक्षा समन्वयक डॉ. अभिषेक वशिष्ठ ने बताया कि परीक्षा के लिए 2 से 16 दिसम्बर की अवधि में विश्वविद्यालय की वेबसाइट के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन किए जा सकते हैं। आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी स्पीड पोस्ट अथवा स्वयं उपस्थित होकर 22 दिसम्बर को शाम 5 बजे तक विश्वविद्यालय में जमा करवाई जा सकती है। विश्वविद्यालय मीडिया प्रभारी डॉ. मेघना शर्मा ने बताया कि परीक्षा के प्रवेश पत्र 31 जनवरी से विश्वविद्यालय वेबसाइट से डाउनलोड किए जा सकेंगे। दो चरणों में होने वाली इस परीक्षा के प्रथम चरण में 70 अंकों की रिसर्च मैथोडोलॉजी एवं संबंधित विषय पर आधारित वस्तुनिष्ठ परीक्षा एवं द्वितीय चरण में 30 अंकों का साक्षात्कार लिया जायेगा।

## सार-समाचार

### सी.ए. ओलंपियंस के विजेता पुरस्कृत



आई.सी.ए.आई. बीकानेर ब्रांच अध्यक्ष राहुल पच्चीसीया ने सी.ए. ओलंपियंस के विजेताओं को ट्रॉफी से सम्मानित किया।

**बीकानेर, (कासं)।** आईसीएआई बीकानेर ब्रांच द्वारा सीए विद्यार्थियों का खेल महाकुंभ जिसे सीए ओलंपियंस का नाम दिया गया है। ब्रांच अध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसीया ने बताया 5 दिन तक चले खेल महाकुंभ में विविध प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिसमें इंडोर गेम्स का आयोजन करणी सिंह स्टेडियम में हुआ। वहीं आउटडोर गेम्स का आयोजन रेलवे ग्राउंड में किया गया। सचिव सीए हेतराम पूनिया ने बताया कि तीन दिन चले आउटडोर गेम्स में क्रिकेट प्रतियोगिता में विजेता डी जेनरेशन एक्स, उपविजेता द हाउज़ैट्स व टूर्नामेंट का मैन ऑफ द टूर्नामेंट देवेश राठी रहे। टूर्नामेंट की महिला ऑफ द टूर्नामेंट अंजली मोहता और प्रियदर्शिनी व्यास रही। बॉस्केटबॉल प्रतियोगिता में विजेता नूब्स, उपविजेता एवेंजर्स व टूर्नामेंट का मैन ऑफ द टूर्नामेंट कुशल बोहरा रहे। टूर्नामेंट की महिला ऑफ द टूर्नामेंट श्रेयांशी नवलखा रही। विजेता टीमों व विजेता रहे विद्यार्थियों को टूर्नामेंट के अतिथियों सीए रवि शर्मा, सीए जेठाराम शर्मा, सीए अनुरूद्ध गहलोत, सीए एन. के. गोयल व ब्रांच अध्यक्ष सीए राहुल पच्चीसिया, उपाध्यक्ष सीए जसवंत सिंह बैद, सचिव सीए हेतराम पूनिया, कोषाध्यक्ष सीए अभय शर्मा, ब्रांच सिकासा अध्यक्ष सीए मुकेश शर्मा, ब्रांच कार्यकारिणी सदस्य सीए अंकुश चौपड़ा ने बधाई दी व उन्हें ट्रॉफी व पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

### पेट्रोल पम्प पर खड़ा ट्रैक्टर चोरी

**हनुमानगढ़, (कासं)।** टाउन थाना क्षेत्र के गांव थेड़ी गंगानी में पेट्रोल पम्प पर खड़ी ट्रैक्टर-ट्रॉली रात्रि को चोरी हो गई। सीसीटीवी कैमरे की फुटेज खंगाली तो बाइक पर सवार होकर आये दो जने ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी कर ले जाते नजर आए। ट्रैक्टर-ट्रॉली मालिक की ओर से इस संबंध में टाउन पुलिस थाना में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। पुलिस के अनुसार दीपक कुमार (48) पुत्र ओमप्रकाश अग्रवाल निवासी वार्ड 18, हनुमानगढ़ जंक्शन ने लिखित रिपोर्ट पेश करते हुए बताया कि उसने अपने ट्रैक्टर पर सतपाल पुत्र साहबराम को ड्राइवर रखा हुआ है। उसका ट्रैक्टर मय ट्रॉली गांव थेड़ी गंगानी में उसके ड्राइवर सतपाल के रिश्तेदार के घर खड़ा था। खेत में गोबर की खाद डालने के लिए ड्राइवर सतपाल थेड़ी गंगानी गांव में अपने रिश्तेदार के घर से ट्रैक्टर-ट्रॉली लेने गया था। रात हो जाने के कारण सतपाल ने ट्रैक्टर-ट्रॉली को थेड़ी गंगानी गांव में इंडियन ऑयल पम्प पर खड़ा कर दिया। सुबह जब सतपाल पेट्रोल पम्प पर पहुंचा तो ट्रैक्टर-ट्रॉली गायब मिला। पेट्रोल पम्प पर लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चैक की तो पता चला कि एक बाइक पर दो व्यक्ति आए और ट्रैक्टर को धक्का देकर सड़क पर ले गए। वहां से स्टार्ट कर ट्रॉली जोड़कर रामसरा कालीबंगा की तरफ ले गए। पुलिस ने दोनों अज्ञात जनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उनकी पहचान के प्रयास शुरू किए हैं। मुकदमे की जांच हैड कांस्टेबल मनीष बिश्नोई कर रहे हैं।

### 400 प्रतिभागियों ने पंजीयन कराया

**बीकानेर, (कासं)।** जैन यूथ क्लब के तत्वावधान में तीसरा जैन ओलम्पिक 2023 आगामी 12 से 17 दिसम्बर तक रेलवे ग्रांउड में होगा। विभिन्न खेलों के लिए 400 से अधिक विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागियों ने पंजीयन करवाया है। ओलंपिक में हिस्सा लेने के लिए 5 दिसम्बर तक निर्धारित स्थानों पर पंजीयन करवाया जा सकता है। जैन यूथ क्लब के सचिव विशाल गोलछा ने बताया कि 19 वर्ष तक के लड़कों की क्रिकेट प्रतियोगिता, लड़के व लड़कियों की 19 वर्ष से ऊपर व इससे कम आयु वर्ग की कैरम, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, शतरंज, कक्षा एक से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए एथलेटिक्स की विभिन स्पर्द्धाओं के लिए विभिन्न स्थानों पर नियमित पंजीयन हो रहा है। प्रतियोगिता में जैन समाज की 800 खेल प्रतिभाओं के प्रदर्शन का मौका मिलेगा। संस्था के अध्यक्ष पारस डागा ने बताया कि इस आयोजन के लेकर सभी वर्ग व तबकों के प्रतिभागियों में उत्साह है। जैन ओलम्पिक के प्रायोजक सुश्रावक विमल चंद डागा, रामलाल सूरज देवी रांका चैरिटेबल ट्रस्ट व सुश्रावक विजयचंद, मोहित व रोहित डागा है। पंजीयन के लिए आवेदन 5 दिसम्बर तक रांगडी चौक के मंगलम गिफ्ट सेंटर में किए जा रहे हैं।

### गृह रक्षा स्थापना सप्ताह 6 तक

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** समादेष्टा गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र श्रीगंगानगर द्वारा 61वां गृह रक्षा विभाग का स्थापना दिवस सप्ताह 1 से 6 दिसम्बर तक कार्यालय प्रांगण में आयोजित किया जायेगा। गृह रक्षा प्रशिक्षण केन्द्र श्रीगंगानगर के प्लाटून कमाण्डर रघुवीर शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम के अनुसार 1 दिसम्बर को कार्यालय प्रांगण में स्वयंसेवकों द्वारा कार्यालय परिसर में साफ-सफाई का कार्य किया गया। दो दिसम्बर को रस्सा खेल प्रतियोगिता, 3 दिसम्बर को बॉलीबाल मैच, 4 दिसम्बर को योगा कलास, 5 दिसम्बर को रैली तथा 6 दिसम्बर को विजेता टीम को पुरस्कार, होमगार्ड दिवस का आयोजन किया जायेगा।

# पी.बी.एम. के शिशु अस्पताल की ओ.पी.डी. 600 पार

- **चीन में फैल रही बच्चों में नई बीमारी ने चिंता में डाला**

**बीकानेर, (कासं)** कोविड महामारी के बाद एक बार फिर चीन में फैल रही नई बीमारी ने प्रदेश और देश को चिंता में डाल दिया है। चीन में पिछले कुछ हफ्तों से निमोनिया के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। खासकर बच्चों में निमोनिया होने से उन्हें भर्ती करने की नौबत भी आ रही है।

बच्चों में निमोनिया की बीमारी बढ़ने के साथ ही भारत में स्वास्थ्य मंत्रालय ने एडवाइजरी जारी कर दी है। इसी के चलते प्रदेश सरकार ने भी सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों एवं मेडिकल कॉलेज प्रबंधकों को स्वास्थ्य व्यवस्थाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए हैं। इस संबंध में वीडियो कांफ्रेंस में जिले कि स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त निदेशक, सीएमएचओ एवं मेडिकल कॉलेज प्राचार्य, पीबीएम के वरिष्ठ चिकित्सक शामिल हुए। पीबीएम के शिशु अस्पताल के वरिष्ठ आचार्य एवं पूर्व पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी. के. बैरवाल के मुताबिक शिशु अस्पताल का ओपीडी इन दिनों 600 के मरीज पहुंच गया है। हर माह 175 से 210 बच्चों को भर्ती किया जा रहा है, जिसमें से निमोनिया व बुखार के 150-200 मरीज होते हैं। हर माह निमोनिया पीड़ित चार से पांच बच्चों की मौत हो रही है। शिशु अस्पताल में शिशुओं के इलाज के लिए पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं।

एक मौसमी वार्ड बनाया हुआ है। दो आईसीयू हैं। 30 बैड का आईसीयू चालू है। 100 से अधिक वेंटीलेटर हैं। सीपेट, ऑक्सीजन कंसन्ट्रेटर, मॉनिटर, ऑक्सीजन एवं दवाओं आदि की पर्याप्त व्यवस्थाएं हैं।

चीन में फैल रहे निमोनिया को लेकर स्वास्थ्य अधिकारी भी अभी तक स्पष्ट नहीं है कि यह वायरस है या बैक्टीरियां। पहले इसे एन 9 एन 2 वायरस कहा जा रहा था जो इन्फ्लुएंजा ए वायरस का उपक्रम है। यह वायरस इंसानों से इंसानों में तेजी से फैलता है। इसी के चलते प्रदेशभर में चिकित्सा विभाग अलर्ट हो गया है।

निमोनियो को लेकर अलर्ट जारी किया गया है। इस संबंध स्वास्थ्य के उच्चाधिकारियों ने वीडियो कांफ्रेंस कर दिशा-निर्देश दिए हैं। बीकानेर जिले में अभी तक निमोनिया का असर नहीं है। रूटीन के मरीज ही आ रहे हैं। इसके बावजूद शिशु अस्पताल एवं मेडिसिन विभाग के चिकित्सकों की बैठक लेकर व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने को कहा।

## बाल विकास समिति की बैठक

**बीकानेर, (कासं)।** माधव महिला एवं बाल विकास समिति की बैठक आज अध्यक्ष उमेश पुरोहित की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

संस्था संरक्षक सुखदेव और रामचंद्र ने संस्था द्वारा किये गए कार्यक्रमों पर प्रकाश डाला और आगामी कार्यक्रम की रूपरेखा बताई। संरक्षक ने बताया कि संस्था पिछले कई वर्षों से समाज हित में कार्यरत है। सचिव मंजू देवी ने बताया कि आगामी कार्यक्रम जिला स्तरीय सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन संस्था द्वारा करवाने पर चर्चा की गई। जिस पर सभी सदस्यों ने अपना समर्थन दिया।

उन्होंने बताया कि संस्था छोटे बच्चों की यह प्रतियोगिता करवाने पर विचार कर रही है। जिसमें सभी स्कूलों ने प्रधानाचार्यों से संपर्क कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आग्रह किया जायेगा। संस्था की उमा देवी ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए ऐसी प्रतियोगिता करवाने से बच्चों का मानसिक विकास होगा।

# जोहड़ में डूबने से दो सगे भाई-बहन की मौत

**बीकानेर, (कासं)।** सगे मासूम भाई-बहन की जोहड़ में डूबने से मौत हो गई। हादसा श्रीगंगानगर जिले के कोनी गांव में सुबह हुआ।

हादसे का पता तब चला जब शव फूलकर जोहड़ में दिखने लगे। परिवार में हाहाकार मच गया। चीख पुकार से सुनकर गांव के लोग घटना स्थल पर पहुंचे। सवा तीन साल के एकमजोत और दो साल की अवलीन कौर को जोहड़ से बाहर निकाला। ग्रामीण व परिजन दोनों को लेकर अस्पताल पहुंचे। लोकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

**कीटनाशक पीने से मौत :** बीकानेर में कीटनाशक दवा पीने से एक विवाहिता की मौत हो गई। इस घटनाक्रम के बाद पुलिस जांच पड़ताल में जुटी है। दरअसल मामला खाजूवाला पुलिस थाना क्षेत्र का है। जहां गंगाजली गांव में एक विवाहिता की कीटनाशक दवा पीने से मौत हुई है।

पुलिस के मुताबिक 20 वर्षीय सुनीता मेघवाल की शादी अनिल कुमार मेघवाल के साथ हुई थी। बताया जा रहा है कि सुनीता ने फसलों पर छिड़कने जाने वाली कीटनाशक दवा पी ली। जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई। उसको पीबीएम अस्पताल में भर्ती करवाया गया। जहां इलाज के दौरान उसने दम तोड़ दिया।

**1600 ली. लाहन नष्ट :** हनुमानगढ़ में आबकारी पुलिस की टीम ने गांव अमरपुरा थेड़ी रोही में हथकढ़ शराब के ठिकाने पर कार्रवाई की। इसमें 1600 लीटर लाहन व 8 कच्ची भट्टियां नष्ट की गई। आबकारी प्रहराधिकारी विनोद सिंह ने बताया कि जिला आबकारी अधिकारी संजीव पटावरी के निर्देश पर टीम ने घग्घर बहाव क्षेत्र के आसपास जमीन में प्लास्टिक तिरपाल में दबाकर रखे गए लाहन को नष्ट किया। इस दौरान आरोपी कार्रवाई की भनक पाकर फरार हो गए।

# भैरवाष्टमी महोत्सव 5 को, तैयारी शुरू

- **भैंरूजी मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी एवं मलाओं से सजाया जायेगा**

**बीकानेर, (कासं)।** हिन्दू पंचांग के अनुसार विक्रम संवत् 2080 के मार्गशीर्ष माह के कृष्ण पक्ष में 5 दिसम्बर को भैरवाष्टमी महोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

नत्थूसर गेट गोकुल सर्किल स्थित सूरदासाणी पंचायत बगेची में कोडाणा सियाणा मंदिर के पुजारी अमित पुरोहित ने बताया कि इस वर्ष काल भैरवाष्टमी महोत्सव सूरदासानी बगेची एवं कोडमदेसर में 5 दिसम्बर को रात्रिकाल में मनाया जायेगा। इस दिन भैंरूजी मंदिर को रंग बिरंगी रोशनी एवं चौकी को फूल मलाओं से सजाया जायेगा। कार्यक्रम के आयोजक राजकुमार पुरोहित ने बताया कि हर वर्ष की भांति सूरदासानी बगेची में त्रिदिवसीय 03 से 5 दिसम्बर तक भैरावाष्टमी महोत्सव का कार्यक्रम होगा जिसमें भैंरूजी का अलग- अलग श्रृंगार किया जायेगा। सूरदासानी पंचायत बगेची संस्था के अध्यक्ष शंकर पुरोहित ने बताया कि कार्यक्रम के तहत भैंरूजी के एकादश सहस्त्र पाठात्मक महायज्ञ होगा। साथ ही हरियाली एवं फलों का श्रृंगार एवं लाइटिंग सजावट का आयोजन किया जायेगा। भैरवाष्टमी के दिन मंत्रोचार के साथ पंचगव्य से महाअभिषेक, श्रृंगार, छप्पन भोग आदि का आयोजन किया जायेगा।

## मतगणना प्रशिक्षण आज

**श्रीगंगानगर, (कासं)।** विधानसभा आम चुनाव 2023 के अंतर्गत मतगणना कार्य के लिये कार्मिकों को द्वितीय प्रशिक्षण 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे दिया जायेगा।

प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण प्रकोष्ठ एवं जिला परिषद सीईओ भवानी सिंह पंवार ने बताया कि मतगणना कार्मिकों का द्वितीय प्रशिक्षण 2 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे से जिला मुख्यालय पर एमडी बीएड कॉलेज श्रीगंगानगर में आयोजित किया गया है। प्रशिक्षण देने के लिये सामान्य व्यवस्था, कार्मिक प्रकोष्ठ, प्रभारी अधिकारी सामान्य व्यवस्था अधिशाषी अभियंता सार्वजनिक निर्माण विभाग, डीओआईटी, भण्डार प्रकोष्ठ, ईवीएम प्रकोष्ठ, तहसीलदार/नायब तहसीलदार राजस्व, लेखा सहित डीएलएमटी एण्ड एएलएमटी को प्रशिक्षण की जिम्मेदारी दी गई है।

# डी.टी.ओ. का कैश काउंटर 4 बजे बंद होने से लोग परेशान!

- **कैश काउंटर जल्दी बंद होने से बस संचालक खासे परेशान हैं, उन्हें पेनल्टी भुगतनी पड़ी है**

**बीकानेर, (कासं)।** राजस्व में अव्वल रहे जिला परिवहन कार्यालय बीकानेर में अधिकारियों द्वारा एक तुगलकी फरमान निकाला गया है जिसमें शाम चार बजते ही कैश काउंटर बंद कर दिया जाता है।

दूरदराज से आने वाले वाहन स्वामी अपने वाहनों का टैक्स, फिटनेस फीस कर चुकता प्रमाण पत्र की फीस, परमिट फीस, चालान फीस, नए वाहनों की रजिस्ट्रेशन फीस आदि जमा करवाने के लिए अधिकारियों से गुहार लगाते रहते हैं। लेकिन कोई सुनवाई नहीं होती है। सैकड़ों वाहनों में टैक्स अथवा कागजात रिन्युअल की अंतिम दिनांक होने से लम्बी दूरी से वाहन स्वामी जब तक डीटीओ कार्यालय पहुंचता हैं, खिड़की बंद हो जाती हैं और अगले दिन उसे पेनल्टी भुगतनी पड़ती हैं।

बसों के परमिट की फीस समय पर जमा करवानी पड़ती अन्यथा स्पेयर के तौर पर प्रतिदिन 200 से तीन सौ रूपए पेनल्टी भुगतनी पड़ती हैं। कैश काउंटर जल्दी बंद होने से बस संचालक खासा परेशान हैं। एडवोकेट बनवारी लाल सीगड़, जागरूक नागरिक पूनमचंद ज्याणी ने अधिकारियों से भी इस मामले में बात की लेकिन अधिकारियों के कानो पर जूं तक नहीं रेंगी।

इस बारे में आरटीआई एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष एडवोकेट हनुमान प्रसाद शर्मा ने जिला प्रमुख शासन सचिव एवं वित्त आयोग को पत्र लिखकर बताया कि बीकानेर डीटीओ कार्यालय का कैश काउंटर 11 साढ़े ग्यारह के बाद शुरू होता है। बीच में लंच और फिर आये दिन सर्वर डाउन की समस्या रहती है और ऊपर से अब कैश काउंटर चार बजते ही बंद हो जाता है। जबकि सरकारी कार्यालयों का समय सुबह 9.30 बजे से शाम 6 बजे तक का है।

## बाइक सवार भाईयों से नकदी लूटी

**हनुमानगढ़, (कासं)** गांव लौट रहे बाइक सवार दो भाईयों से चार अज्ञात लुटेरों ने नकदी लूट ली। इस संबंध में जंक्शन थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

कुलवंत सिंह पुत्र मलकीत सिंह बाजीगर निवासी 24 एलएलडब्लयू, पक्का सारणा ने पुलिस को रिपोर्ट दी कि वह करीब आठ बजे अपने भाई विनोद के साथ बाइक पर जंक्शन से 24 एलएलडब्लयू स्थित घर जा रहा था। जब वे श्रीगंगानगर मार्ग स्थित भाखड़ा नहर के पास पहुंचे तो चार लोग दो बाइक पर सवार होकर आए।

आरोपियों ने उनको रूकवा कर उनकी बाइक आरजे 31 एसजे 8853, करीब 2300 रूपए, आधार कार्ड व अन्य कागजात से भरा पर्स छीन लिया तथा फरार हो गए। रात्रि को पुलिस थाने पहुंच वारदात की सूचना दी। पुलिस ने मारपीट व छीनाझपटी के आरोप में अज्ञात जनों पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# 'एन.सी.सी. कैडेट्स को राजस्थान की संस्कृति से भी रूबरू करवाया जायेगा'

- **एन.सी.सी. का 12 दिवसीय डेजर्ट सफारी का आगाज**

**बीकानेर, (कासं)।** एनसीसी ग्रुप हैड क्वार्टर जोधपुर के तत्वावधान में 7 राज बटालियन एनसीसी बीकानेर द्वारा 12 दिवसीय वाई ई पी/डेजर्ट सफारी कैम्प का आयोजन 30 नवम्बर से 12 दिसम्बर तक गिरधर लैण्ड कैम्प एरिया जैसलमेर में आयोजित किया जा रहा है।

इस कैम्प में भारत के 17 एनसीसी निदेशालय के 100 से अधिक एनसीसी कैडेट्स भाग ले रहे हैं। इस कैम्प में आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, बिहार झारखंड चंडीगढ़ पंजाब हरियाणा, महाराष्ट्र, केरल, लक्षद्वीप, राजस्थान, बंगाल, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, दिल्ली, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, हिमाचल, उत्तराखंड, असम, छत्तीसगढ़ के अलावा कजाकिस्तान, नेपाल के कैडेट्स भी शामिल हुए हैं। इस कैम्प के प्रथम दिन सभी कैडेट्स का बायोमेट्रिक पंजीकरण किया गया और 30 नवम्बर 2023 को कैम्प का शुभारंभ किया गया। इस दौरान कैम्प कमांडेंट कर्नल जॉनी थॉमस ने बताया कि यह कैम्प अन्य कैम्पों से अलग है तथा जैसलमेर के इस एरिया में इस कैम्प का आयोजन लगातार किया जाता रहा है। यह एक वार्षिक कैम्प है जो 2 साल बाद जैसलमेर में किया जा रहा है इस कैम्प के दौरान एनसीसी कैडेट्स को एकता और अनुशासन को अपने जीवन में अपनाने हेतु कैडेट्स को आव्हान किया गया है।



एन.सी.सी. के 12 दिवसीय डेजर्ट सफारी में कैडेट्स को लेफ्टिनेंट कर्नल मनदीप सिंह ( दाएं बैठे ) ने संबोधित किया।

साथ ही इस कैम्प के दौरान प्रत्येक दिन अलग-अलग गतिविधियां करवाई जायेगी जिसमें योगाभ्यास, खेलकूद, सांस्कृतिक का आयोजन किया जायेगा। साथ ही जैसलमेर और राजस्थान की संस्कृति से भी रूबरू करवाया जायेगा।

इस अवसर पर 7 राज एनसीसी के प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल मदीप सिंह निज्जर, लेफ्टिनेंट कर्नल मनीष थापा, सूबेदार मेजर भंवर सिंह, कैम्प एजूडेट उमेश तंवर और राजस्थान और अन्य निदेशालय्यों से एएनओ जीसीआई, पीआई स्टाफ शामिल रहे।

## बी.एस.एफ. का स्थापना दिवस मनाया

**श्रीकरणपुर, (कासं)।** श्रीकरणपुर में बीएफएफ की 77वीं वाहिनी ने बीएसएफ का स्थापना दिवस मनाया।

देश की सीमाओं की सुरक्षा के लिए बीएसएफ प्रतिबद्ध है। घुसपैठ, तस्करी और सैन्य हमले को रोकने के लिए बल के जवान सर्दी, गर्मी, आंधी, तूफान, बरसात व अन्य कठिन परिस्थितियों के बावजूद सरहद पर हमेशा मुस्तैदी से अपने कर्तव्य का निर्वहन करते हैं। यही वजह है कि बीएसएफ को देश की पहली रक्षा पंक्ति कहा जाता है। बीएसएफ की 77वीं वाहिनी (वीर चक्र पलटन) के समादेष्टा देस राज ने यह बात गुरूवार को कही।

बीएसएफ की 59वीं वर्षगांठ के उपलक्ष में वाहिनी मुख्यालय पर हुए आयोजन में समादेष्टा ने कहा कि एक दिसम्बर 1965 से स्थापित बीएसएफ का ध्येय वाक्य जीवन पर्यन्त कर्तव्य है और इसे जवानों ने इसे हमेशा साकार भी किया है। यही वजह है कि बीएसएफ और सीमा वासियों के बीच आपसी संबंध हमेशा मजबूत और प्रेमपूर्वक रहते हैं। द्वितीय कमान अधिकारी अशोक कुमार, उप समादेष्टा केसी पूनिया व गोपाल कृष्ण ने भी विचार व्यक्त किए। परिवार कल्याण केन्द्र की हेमलता, डॉ. प्रीति सिंह, सरिता यादव, अनामिका व मनोरमा आदि सदस्यों ने केक काटकर कार्यक्रम का आगाज किया।

परिशिष्ट H-प्रकीर्ण, संख्याक 4
dDJADJ-BIkaner District HQ
District Judge, Bikaner Bikaner
हेतुक दर्शित करने के लिए सुचना(साधारण प्रारूप)
Civil Misc,Non connected (38)/148/2023 Mahmuda etc Vs Sarvsadharan NEXT DATE15.01.20 24
प्रेषिती-
SARVSADHARAN
Last Residence of Late Gulhasan Ali Panwar S/o chhoge Khan R/o Mohalla Koriyaan, Bikaner, Publice Place, Notice Board, News paper
उक्त ***Mahmuda etc*** ने न्यायालय में आवेदन किया है कि To issue Succession Certificate in favour of Applicants in respect of credits deposited in the name of Late Gulhasan Ali Panwar
अतः आपको चेतवानी दी जाती है कि आप उस आवेदन के विरूद्ध हेतुक दर्शित करने के लिए ता.15.1.2024 को 10:30AM पूर्वान्ह में स्वयं या अपने प्लीडर द्वारा, जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिया गया है,ख उपसंजात हो। यदि आप ऐसा करने में असफल रहेगे तो आवेदन की सुनवाई और उसका निपटारा एक पक्षीय रूप से किया जायेगा।
यह आज ता.16..11.2023 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई।
गोल मुहर
श्री देवेन्द्र प्रकाश शर्मा
न्यायालय की आज्ञा से
मुख्य मंत्रालयिक अधिकारी
न्यायालय जिला एवं सेंशन न्यायाधीश
बीकानेर( राज.)